दिनांकः 19.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- भारत ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी पहली स्वदेशी एंटीबायोटिक दवा नेफिथ्रोमाइसिन विकसित कीं
- प्रदेश के सात विश्वविद्यालयों में कुलगुरु नियुक्त–राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आदेश जारी कियें
- दीपोत्सव की श्रृंखला में आज रूप चतुर्दशी और छोटी दीपावली मनाई जा रही हैं
- अजमेर रेल मंडल ने देशभर में यात्री गाड़ियों के समग्र समय पालन में पहला स्थान प्राप्त कियां

..............................................................................

भारत ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी पहली स्वदेशी एंटीबायोटिक दवा नेफिथ्रोमाइसिन विकसित कर ली हैं केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कल नई दिल्ली में ये जानकारी दीं श्री सिंह तीन दिवसीय चिकित्सा कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थें उन्होंने कहा कि यह एंटीबायोटिक दवा प्रतिरोधी सांस संबंधी संक्रमण को खत्म करने के लिए प्रभावी हैं यह दवा विशेष रूप से कैंसर और डायबीटीज रोगियों के लिए फायदेमंद हैं डॉ. सिंह ने एक अन्य प्रमुख वैज्ञानिक उपलब्धि–हीमोफीलिया के उपचार में जीन थेरेपी के सफल स्वदेशी नैदानिक परीक्षण की भी जानकारी दीं

..............................................................................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल भरतपुर के नदबई में राजकीय जिला अस्पताल का शिलान्यास कियां डेढ़ सौ बैड की क्षमता वाले इस अस्पताल के निर्माण पर करीब 50 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगें इससे स्थानीय लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगीं मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक गांव अटारी क्षेत्र के किसानों से संवाद कियां इस दौरान श्री शर्मा ने किसानों से खेती की आधुनिक तकनीक और नवाचारों को अपनाने का आह्वान कियां उन्होंने गांव का पैदल दौरा कर जनसुनवाई भी कीं
मुख्यमंत्री ने कल प्रदेशभर के करीब 72 लाख किसानों के बैंक खातों में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की 718 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित कीं इससे किसानों में खुशी की लहर हैं उन्होंने इसके लिए राज्य सरकार का आभार जतायां

..............................................................................

प्रदेश के सात विश्वविद्यालयों में कुलगुरु नियुक्त किये गये हैं राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने राज्य सरकार के परामर्श से कल इस बारे में आदेश जारी कियें कोटा के कृषि विश्वविद्यालय में डॉ. बिमला डूंकवाल, जोधपुर के कृषि विश्वविद्यालय में डॉ. वीरेंद्र सिंह जेतावत, वहीं जोबनेर के कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय में प्रो. पुष्पेंद्र सिंह चौहान और उदयपुर के महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में डॉ. प्रताप सिंह को कुलगुरु बनाया गया हैं इनके अलावा प्रो. पवन कुमार शर्मा को जोधपुर के जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय और प्रो. गोविंद सहाय शुक्ला को जोधपुर के डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय का कुलगुरु नियुक्त किया गया हैं कोटा के राजस्थान तकनीकी विश्ववविद्यालय के कुलगुरु का पदभार प्रो. निमित रंजन चौधरी को सौंपा गया हैं

..............................................................................

राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने कल राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से मुलाकात कीं राजभवन में हुई इस भेंट के दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा कीं

..............................................................................

दीपोत्सव की श्रृंखला में आज रूप चतुर्दशी और छोटी दीपावली मनाई जा रही हैं दीपावली पर्व को लेकर चारों ओर रौनक बनी हुई हैं कल धनतेरस के साथ शांति समृद्धि और आरोग्य के पर्व का आगाज हुआं धनतेरस के मौके पर बाजारों में खासी रौनक रहीं इस बार सोने–चांदी और बर्तनों के साथ ही

इलेक्ट्रोनिक और कपड़ों की दुकानों पर अच्छी भीड़ नजर आई जीएसटी कटौती के बाद हर क्षेत्र में खरीदारी को लेकर व्यापारियों और लोगों में उत्साह देखा जा रहा हैं ब्रज क्षेत्र में रूप चतुर्दशी की अलग ही छटा नजर आ रही हैं हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि महिलाएं तेल, उबटन और मेहंदी के साथ सोलह श्रृगांरों में व्यस्त हैं

..............................................................................

रोशनी के पर्व पर बाजारों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई हैं रंग बिरंगी रोशनी से जगमग माहौल सभी को लुभा रहा हैं वहीं बाजारों में भीड़ को देखते हुए कानून व्यवस्था और सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये गये हैं विभिन्न स्थानों पर फ्लैग मार्च कर पुलिस ने सतर्कता बनाए रखने का संदेश दियां देशी–विदेशी सैलानियों की अच्छी आवक से भी प्रदेश के पर्यटन स्थल गुलज़ार हैं हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि शाही रेलगाड़ी पैलेस ऑन व्हील्स आज जैसलमेर पहुंच रही हैं दीपावली पर्व को देखते हुए सैलानियों के लिए विशेष इंतजाम किये गये हैं

..............................................................................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कल जयपुर में परकोटा क्षेत्र के प्रमुख बाजारों की सजावट देखी और दीपोत्सव के अवसर पर की गई रोशनी को निहारां

..............................................................................

अजमेर मंडल को देशभर में समग्र समय पालन के लिए पहला स्थान मिला हैं मंडल ने सभी प्रकार की यात्री गाड़ियों की ओवर ऑल पंक्च्यूअलिटी में ये उपलब्धि हासिल की हैं इसके तहत यात्रियों को अपने गंतव्य तक सही समय पर पहुंचाने के लिए सतत प्रयास किये गयें मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा ने परिचालन विभाग के सभी कर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी हैं

..............................................................................

राष्ट्रीय एकता को और मज़बूत करने के लिए, सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में दो महीने तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कल एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दीं उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगां 31 दिसम्बर तक राष्ट्रीय एकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें

..............................................................................